झूला पीपल पे डलवा दूंगी मेरी शेरोवाली मैया

झूला झूले, झूला झूले,
मैया मेरी झूला झूले,
झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया,
मेरी शेरोवाली मैया,
मेरी मेहरोंवाली मैया,
झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया……

इस झूले पे ब्रह्मा जी झूले,
ब्रह्मा संग ब्रह्मानी झूले,
झोटा नारद से दिलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया,
झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया…..

इस झूले में विष्णु जी झूलें,
इस झूले में विष्णु जी झूलें,
विष्णु के संग में लक्ष्मी झूले,
झौटा शेषनाग से दिलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया,
झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया…….

इस झूले में राम जी झूलें,
राम के संग में सीता झूलें,
झौटा हनुमंत से दिलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया,
झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया....

इस झूलें में कृष्ण जी झूलें,
कृष्ण के संग में राधा झूले,
झौटा उद्धव से दिलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया,
झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया.....

इस झूले में दुर्गे झुले,
दुर्गे के संग में जोगिनी झूले,
झौटा लांगुर से दिलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया,

झूला पीपल पे डलवा दूंगी,
मेरी शेरोवाली मैया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29127/title/jhula-pipal-me-dalva-dungi-meri-sherowali-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |